जनसभा | राज्य और केन्द्र सरकार पर जमकर बरसे आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह

# सरकार की जनविरोधी नीतियों से पूरा देश परेशान



**नवभारत, कटनी।** शहर के रामलीला मैदान घंटाघर में आयोजित जनसभा में रविवार को आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने राज्य और केन्द्र सरकार जमकर राजनीतिक हमला किया। राज्यसभा सांसद संजय सिंह और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के नेता रघु ठाकुर ने किसानों, युवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई, बेरोजगारी और कटनी मेडिकल कॉलेज सहित कई मुद्दों पर सरकार को घेरा। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों, युवाओं और आम जनता से किए गए वादे पूरे करने में विफल रही है। किसानों को फसल का दोगुना मूल्य देने का वादा आज तक पूरा नहीं हुआ, गरीबों को पक्का मकान देने का दावा अधूरा है और युवाओं का भविष्य लगातार पेपर लीक की घटनाओं से प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अब जनता के असली सवालों से बच रही है, इसलिए उसे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। संजय सिंह ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले एक वर्ष में काफी संख्या में सरकारी स्कूल बंद हुए हैं। आज भी कई स्कूल बिजली, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी विषयों पर राजनीति करने के बजाय इन्हें मजबूत किया जाना चाहिए। पेपर लीक के मामलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार हुई परीक्षा अनियमितताओं ने लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा दिया। उन्होंने दावा किया कि छात्रों के आंदोलन के दबाव में केंद्र सरकार को झुकना पड़ा और शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण और बड़े उद्योगपतियों को कथित लाभ पहुंचाने के आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि आम जनता लगातार आर्थिक परेशानियों का सामना कर रही है, जबकि सरकार मूल मुद्दों से ध्यान भटका रही है। सभा को संबोधित करते हुए समाजवादी नेता रघु ठाकुर ने कटनी के सरकारी मेडिकल कॉलेज का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने का वादा किया था, लेकिन अब अस्पताल को पीपीपी मॉडल पर संचालित करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकारी संस्थानों का संचालन भी निजी भागीदारी से होगा तो फिर सरकार की भूमिका क्या रह जाएगी। रघु ठाकुर ने कहा कि इंदौर, रीवा और उज्जैन जैसे शहरों में सरकारी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, जबकि कटनी को उसके अधिकार से वंचित रखा गया है। उन्होंने सरकार से मेडिकल कॉलेज के लिए स्वीकृत राशि का हिसाब मांगा और आरोप लगाया कि प्रदेश पर भारी कर्ज होने के बावजूद जनता को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। जनसभा में सरकार की जनविरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए किसानों, युवाओं, मजदूरों और आम जनता से संघर्ष जारी रखने का आव्हान किया।



## सड़क पर गड्ढों से हादसों का खतरों, मरम्मत की मांग

### बड़वारा से देवरी हटाई मार्ग की सड़क जर्जर

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा-देवरी हटाई मार्ग की स्थिति इन दिनों अत्यंत जर्जर और खतरनाक हो गई है। सड़क की खस्ताहाली और गड्ढों से बेहाल बड़वारा क्षेत्र के नागरिकों की गंभीर समस्या को लेकर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मांग की है कि सड़क की मरम्मत कराई जाए। पूर्व जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने बताया कि बड़वारा नगर में प्रवेश करते ही पुलिया पर बने बड़े-बड़े गड्ढे रोज गंभीर हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं। बड़वारा से बछरवारा मार्ग पर सड़क कम और गड्ढे ज्यादा नजर आते हैं। ग्राम भगनवारा की जर्जर पुलिया कभी भी ध्वस्त हो सकती है, जिससे किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। आरोप है कि एक वर्ष पूर्व इस मार्ग पर डामरीकरण कराया गया था। सड़क निर्माण में की गई गुणवत्ता की अनदेखी के कारण कुछ ही महीनों में सड़क पूरी तरह उखड़ गई, जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता भुगत रही है। कांग्रेस नेता करण सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री को एक पत्र भेजता है, जिसकी एक प्रति कलेक्टर आशीष तिवारी को भी भेजी गई है। पत्र में मांग की गई है कि लोक निर्माण विभाग के संबंधित इंजीनियर को तत्काल निलंबित किया जाए और सड़क निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। जब तक इस खतरनाक मार्ग को दुरुस्त नहीं कर लिया जाता, तब तक सांदीपनि विद्यालय बड़वारा में इस मार्ग 15 से 20 गांव से आने वाले बच्चों की सुरक्षा के हित में छुट्टी घोषित की जाए।

## एक नजर में

### पांच वर्षों से अनुपस्थित पटवारी की सेवा समाप्त

**नवभारत, कटनी।** लगभग पांच वर्षों से लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रही पटवारी श्रीमती प्रीति तिवारी को शासकीय सेवा से पदच्युत कर दिया है। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश सिविल सेवा के प्रावधानों के तहत की गई है। कार्यालयीन अभिलेखों के अनुसार श्रीमती प्रीति तिवारी 16 सितंबर 2021 से बिना पूर्व अनुमति और बिना किसी सक्षम आदेश के अपने पद से लगातार अनुपस्थित रहीं। उनकी अनुपस्थिति को लेकर अप्रैल 2022 में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इसके बाद प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी को भेजा गया, जहां से भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जनवरी 2023 में संबंधित पटवारी ने डाक के माध्यम से स्वास्थ्य एवं पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए चिकित्सा प्रमाण-पत्र भेजा तथा नो वर्क-नो पे के आधार पर असाधारण अवकाश का अनुरोध किया। इसके बाद उन्होंने न तो ड्यूटी जॉइन की और न ही अपनी अनुपस्थिति के संबंध में कोई अन्य आवेदन या दस्तावेज प्रस्तुत किया। अनाधिकृत अनुपस्थित रहना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि संबंधित कर्मचारी शासकीय सेवा के प्रति गंभीर नहीं हैं और अपने दायित्वों के निर्वहन में रुचि नहीं रखती हैं।

## बिना दस्तावेज विदेशी सोना रखने पर कारोबारी गिरफ्तार

### राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने की कार्रवाई, जांच जारी

**नवभारत, कटनी।** राजस्व खुफिया निदेशालय की भोपाल क्षेत्रीय इकाई ने विदेशी मूल का सोना जब्त करते हुए दो तस्करों और एक सराफा व्यापारी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई कटनी रेलवे स्टेशन पर दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी के बाद सराफा बाजार स्थित गोयनका ज्वेलर्स पर छापे के रूप में की गई। डीआरआई को मिली खुफिया सूचना के आधार पर शुक्रवार देर रात कटनी रेलवे स्टेशन पर दो युवकों को पकड़ा गया। उनके कब्जे से 748.10 ग्राम विदेशी मूल का सोने का बिस्किट बरामद हुआ। प्रारंभिक जांच में यह सोना विदेशी रिफाइनरी का पाया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सत्यम सराफ और आयुष मिश्रा के रूप में हुई है। इन दोनों आरोपियों से पूछताछ के दौरान अन्य जानकारी मिली। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि बरामद विदेशी सोने का कुछ हिस्सा शहर के सराफा बाजार स्थित गोयनका ज्वेलर्स तक पहुंचाया जाना था। इस इनपुट के आधार पर डीआरआई की टीम ने तत्काल गोयनका ज्वेलर्स पर छापा मारा।

सराफा दुकान में तलाशी के दौरान 100.1 ग्राम वजन का एक विदेशी गोल्ड बार मिला, जिस पर वालकैंबी स्विट्जरलैंड 100 ग्राम गोल्ड 995.0 अंकित था। डीआरआई के अनुसार इस प्रकार की मार्किंग विदेशी रिफाइनरी की पहचान होती है। इसके अतिरिक्त, दुकान से सोने के 11 कटे हुए टुकड़े, एक छोटा चपटा टुकड़ा और अंगूठी के आकार का सोने का तार भी बरामद किया गया। जांच के दौरान जब इन आभूषणों और विदेशी सोने के आयात से जुड़े वैध दस्तावेज मांगे गए, तो सराफा व्यापारी उन्हें प्रस्तुत नहीं कर सका।

इसके बाद डीआरआई ने बरामद सभी सामग्री को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा-110 के तहत जब्त कर लिया। पूछताछ के दौरान सराफा कारोबारी की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन टुकड़ों पर कोई पहचान चिन्ह या रिफाइनरी मार्क नहीं था। सभी टुकड़ों का अलग-अलग वजन कर जब्त किया गया। डीआरआई अधिकारियों ने दुकान संचालक अरुण कुमार गोयनका से बरामद विदेशी सोने के आयात से जुड़े बिल, सीमा शुल्क भुगतान के दस्तावेज और अन्य वैध अभिलेख मांगे। मामले की जांच की जा रही है।

## डिजिटल रिकॉर्ड प्रणाली से बढ़ेगी पारदर्शिता, सुरक्षित होंगे दस्तावेज

### शाखाओं के दस्तावेजों का होगा डिजिटलाइजेशन



**नवभारत, कटनी।** प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया विजन तथा प्रदेश शासन की ई-गवर्नेंस नीति को मूर्त रूप देने की दिशा में नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर सभी शाखाओं में वर्षों से संधारित महत्वपूर्ण अभिलेखों, नस्तियों और दस्तावेजों का चरणबद्ध डिजिटाइजेशन किया जाएगा।

यह पहल नगर निगम की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को आधुनिक, पारदर्शी, सुरक्षित एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इसके माध्यम से कार्यालयीन कार्यों में गति आएगी, अभिलेखों का सुरक्षित संधारण सुनिश्चित होगा तथा नागरिकों को अधिक तत्काल, सुदृढ़ और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। निगमायुक्त के निर्देश पर रिकॉर्ड डिजिटलाइजेशन के लिए निगम की सभी शाखाओं से निर्धारित प्रारूप में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य की नियमित समीक्षा भी समय-सीमा की बैठकों में की जाएगी, ताकि डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया तय समय-सीमा में प्रभावी ढंग से पूर्ण हो सके। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने बताया कि डिजिटाइजेशन के बाद वर्षों पुराने महत्वपूर्ण अभिलेख सुरक्षित डिजिटल स्वरूप में संरक्षित रहेंगे। किसी भी दस्तावेज की आवश्यकता होने पर उसे कुछ ही समय में खोजकर उपलब्ध कराया जा सकेगा, जिससे कार्यालयीन कार्यों में अनावश्यक विलंब समाप्त होगा और निर्णय प्रक्रिया अधिक प्रभावी और समयबद्ध बनेगी। साथ ही अभिलेखों के क्षतिग्रस्त होने, गुम होने और प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान की संभावना भी काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।

निगमायुक्त ने कहा कि डिजिटल रिकॉर्ड व्यवस्था से विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और सूचना का आदान-प्रदान अधिक सरल एवं प्रभावी होगा। इससे प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ेगी तथा नागरिकों की शिकायतों, राजस्व, स्थापना, अन्य विभागीय प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था नगर निगम के लिए एक मजबूत और विश्वसनीय डिजिटल अभिलेख प्रणाली का आधार बनेगी।

निगमायुक्त तपस्या परिहार ने सभी शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया है कि रिकॉर्ड डिजिटलाइजेशन से संबंधित जानकारी निर्धारित प्रारूप में जल्द उपलब्ध कराएं और इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समय-सीमा के पूरा करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य आधुनिक तकनीक के अधिकतम उपयोग के माध्यम से ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था विकसित करना है, जो दक्ष, पारदर्शी, उत्तरदायी और पूरी तरह नागरिक-केंद्रित हो।

## राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा की प्रेरणा है लोकमान्य तिलक का पूरा जीवन

### पुण्यतिथि पर एबीवीपी ने अर्पित की श्रद्धांजलि




**नवभारत, कटनी।** एबीवीपी द्वारा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक महाविद्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने लोकमान्य तिलक के राष्ट्रप्रेम, स्वराज के विचारों तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया। अभाविप पूर्व प्रांत उपाध्यक्ष डॉ रुक्मणी प्रताप सिंह सर ने कहा कि लोकमान्य तिलक का प्रसिद्ध उद्घोष स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा। बाल गंगाधर तिलक का निधन 1 अगस्त 1920 को हुआ था।

अभाविप जिला संयोजक संजय कुशवाहा ने कहा कि लोकमान्य तिलक का जीवन युवाओं के लिए राष्ट्रभक्ति, संगठन और समाजसेवा की प्रेरणा है। कार्यक्रम में भाग संयोजक नितिन साहू, नगर सह मंत्री साक्षी तिवारी, आदेश त्रिपाठी एसएफडी प्रमुख प्राची शर्मा, विपिन सेन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## 23 हजार से अधिक परिवारों में पहुंच रहा नल से जल

### जिले में एक वर्ष में पूरी हुई 145 नल जल योजनाएं

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के सतत मार्गदर्शन, नियमित समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग के परिणामस्वरूप कटनी जिले में जल जीवन मिशन ने उल्लेखनीय गति पकड़ी है। ग्रामीण अंचलों में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य की दिशा में बीते एक वर्ष के दौरान जिले ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

कलेक्टर द्वारा सतत् समीक्षा की वजह से योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय और ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से जिले में जल आपूर्ति व्यवस्था लगातार मजबूत हुई है। जिले के 683 ग्रामों में स्वीकृत एकल ग्राम नल जल योजनाओं में से 505 योजनाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इनमें 145 योजनाएं केवल पिछले एक वर्ष में पूर्ण हुई हैं, जो मिशन की तेज प्रगति को दर्शाती हैं। स्थायी और बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्ण हो चुकी योजनाओं में से 394 योजनाएं संबंधित ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित की जा चुकी हैं। इनमें 177 योजनाओं का हस्तांतरण विगत एक वर्ष के दौरान किया गया है, जिससे जल प्रबंधन में स्थानीय संस्थाओं की भूमिका और अधिक सशक्त हुई है। जिले में अब तक 498 ग्रामों को 'हर घर जल' घोषित किया जा चुका है। इनमें 263 ग्राम पिछले एक वर्ष में इस श्रेणी में शामिल हुए हैं।

इसके साथ ही 340 ग्रामों का सफल प्रमाणीकरण भी पूरा किया जा चुका है, जिनमें 219 ग्रामों का प्रमाणीकरण बीते एक वर्ष में हुआ है। यह उपलब्धि प्रत्येक पात्र परिवार तक कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कटनी जिले के 2 लाख 12 हजार 447 परिवारों में से 1 लाख 94 हजार 633 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इस प्रकार जिले में 91.61 प्रतिशत परिवारों तक नल से जल की सुविधा पहुंच चुकी है। उल्लेखनीय है कि पिछले एक वर्ष में ही 23 हजार 414 नए घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए, जिससे हजारों ग्रामीण परिवारों का जीवन अधिक सुविधाजनक और स्वस्थ हुआ है।

शेष 17 हजार 814 परिवारों तक भी शीघ्र नल से जल पहुंचाने के लिए कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इनमें 7 हजार 543 परिवारों को एकल ग्राम नल जल योजनाओं तथा 10 हजार 271 परिवारों को समूह नल जल योजनाओं के माध्यम से कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। इन परियोजनाओं के कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि शत-प्रतिशत लक्ष्य समयबद्ध रूप से प्राप्त किया जा सके।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जल जीवन मिशन के प्रत्येक कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि जिले का कोई भी ग्रामीण परिवार स्वच्छ पेयजल की सुविधा से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन की ग्रामीण जल प्रदाय योजनाओं को पूर्ण होने पर तत्काल संबंधित ग्राम पंचायत को हस्तांतरित करने की कार्रवाई की जाय। कटनी जिले में जल जीवन मिशन की यह प्रगति सुशासन, प्रभावी प्रशासनिक नेतृत्व और जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरी है।

आने वाले समय में शेष परिवारों तक भी नल से जल की सुविधा पहुंचाकर जिले को शत-प्रतिशत 'हर घर जल' की उपलब्धि दिलाने की दिशा में प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। नल से पानी सप्लाई होने से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है।

## नशे की 9 हजार टेबलेट लिए घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने दबोचा

### रंगनाथ पुलिस ने की कार्रवाई एएसपी ने किया खुलासा




**नवभारत, कटनी।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रंगनाथनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 9 हजार नाइट्राजेपाम टैबलेट के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद नशीली गोलियों की बाजार कीमत करीब 2.25 लाख रुपए बताई जा रही है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता में एएसपी कमल मोर्य ने बताया कि 1 अगस्त को पेट्रोलिंग के दौरान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ग्राउंड के पीछे दो संदिग्ध युवक प्लास्टिक की बोरी लेकर जाते दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। पकड़े आरोपी बरगवां निवासी पंकज उर्फ देवा मिश्रा (38) और देवा कोल (21) हैं। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 30 पैकेटों में रखी 9 हजार नाइट्राजेपाम टैबलेट बरामद हुईं। पुलिस के अनुसार इन गोलियों का उपयोग नशे के लिए किया जाता है। जब्त की गई नशीली दवाओं वजन 5 किलो 760 ग्राम है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने गोलियां खरीदकर लाने की बात स्वीकार की है। अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह खेप कहां से लाई गई थी और किन लोगों तक इसकी आपूर्ति की जानी थी। कार्रवाई में रंगनाथ नगर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरुणपाल सिंह सहित थाना स्टाफ और साइबर सेल की टीम की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन,, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य और नगर पुलिस अधीक्षक शिवा पाठक के मार्गदर्शन में की गई है।

## अब तक 370 मिमी बारिश

**नवभारत, कटनी।** जिले में 1 जून से 2 अगस्त तक कुल 370.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्नालाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 373.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 538.7 मिलीमीटर , बड़वारा तहसील में 234.5 मिमी, बरही तहसील में 215.8 मिमी, विजयराघवगढ़ तहसील में 261.4 मिमी, बहोरीबंद तहसील में 337.5 मिलीमीटर, स्लीमनाबाद तहसील में 681.4 मिलीमीटर और ढीमरखेड़ा तहसील में 320.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

विकास | श्यामा प्रसाद मुखर्जी और वंश स्वरूप वार्ड में पांच स्थानों में बनाई जाएगी सड़क, महापौर की उपस्थिति में कराया गया भूमिपूजन

## सड़क, नाली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार ही शहर विकास की आधारशिला



**नवभारत, कटनी।** नगर के विभिन्न वार्डों में आधारभूत अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने तथा नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर जनप्रतिनिधियों द्वारा विकास कार्यों का सिलसिला निरंतर जारी है। इसी क्रम में लगभग 38 लाख रुपएकी कुल लागत से तीन सीसी सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुमित्रा रावत और श्रीमती अर्चना विनीत जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 35 की मूंगाबाई कॉलोनी में लगभग 28 लाख 53 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाली सीसी सड़क का भूमिपूजन किया गया। वहीं वंशस्वरूप वार्ड क्रमांक 29 में लगभग 21 लाख रुपए की लागत से तपसुन के घर से गुड्डा भदौरिया के घर तक और चंदई दफाई में दुर्गा मंदिर के बाजू से रतन के घर तक सीसी सड़क निर्माण कार्यों का भी भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी और बरसात के दौरान होने वाली समस्याओं से भी राहत प्राप्त होगी। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि नगर निगम प्रत्येक वार्ड में जन आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृत कर समयबद्ध रूप से पूर्ण करा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार नगर के समग्र विकास की आधारशिला है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को गुणवत्ता से कोई समझौता किए बिना निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुमित्रा रावत और श्रीमती अर्चना विनीत जायसवाल ने क्षेत्रवासियों की ओर से स्वीकृत विकास कार्यों के लिए महापौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन सड़कों के निर्माण से लंबे समय से चली आ रही आवागमन संबंधी समस्याओं का समाधान होगा और क्षेत्र का विकास नई गति प्राप्त करेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर ने क्षेत्रवासियों से विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने, निर्माण कार्यों के दौरान आवश्यक सहयोग करने के लिए कहा। महापौर ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य जनसहयोग से ही सफलतापूर्वक पूर्ण हो सकते हैं। कार्यक्रम में मेयर-इन-काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, पार्षद वंदना राजकिशोर यादव, प्रभा गुप्ता, सरला मिश्रा, राजू शर्मा सहित अन्य समाजसेवी औरप क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

